नाम ........................ अनुक्रमांक ......... PS-2

# वार्षिक परीक्षा-2023

**समय 3 घण्टे** **कक्षा-11** **पूर्णांक : 90**

## विषय- हिन्दी (साहित्यिक)

**नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य है। इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड है, दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है।**

### खण्ड-क (10 अंक)

1. (क) हिन्दी गद्य के जनक है
   (अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ब). अराचारी महावीर प्रसाद द्विवेदी
   (स) श्याम सुन्दर दास (द) डॉ० संपूर्णानन्द

   (ख) अवारा मसीहा किस विधा की रचना है
   (अ) कहानी (ब) नाटक (स) जीवनी (द) रेखाचित्र

   (ग) जयशंकर प्रसाद की रचना है
   (अ) कामायनी (ब) कर्मभूमि (स) अंधेर नगरी (द) पाल्लब

   (घ) सरस्वती पत्रिका के सम्पादन है
   (अ) आचार्य महावीर प्रसाद (ब) प्रताप नारायण मिश्र
   (स) राय कृष्ण दास (द) बालकृष्ण भट्ट

   (ङ) 'इन्दुमती' कहानी के लेखक है
   (अ) किशोरी लाल गोस्वामी (ब) प्रेमचन्द
   (स) रामचन्द्र शुक्ल (द) जयशंकर प्रसाद

   (च) रामभक्ति शाखा के प्रतिनिधि कवि हैं-
   (अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) कबीरदास (द) बिहारी

   (छ) 'पृथ्वीराज रासो' रचना है
   (अ) चन्दबरदाई (ब) नरपति नाल्ह
   (स) रामप्रसाद निरंजनी (द) अमीर खुसरो

   (ज) 'तारसप्तक' का प्रथम समय काल है-
   (अ) सन् 1943 ई० (ब) सन् 1935 ई०
   (स) सन् 1953 ई० (द) सन् 1919 ई०

   (झ) द्विवेदी सुग की काल अवधि है
   (अ) सन् 1938 से 1943 ई० (ब) सन् 1968 से 1900 ई०
   (स) सन् 1900 से 1922 ई० (द) सन् 1919 से 1938 ई०

   (ञ) कबीरदास की रचना है
   (अ) साखी (ब) कवितावली (स) गुंजन (द) यामा

2. निम्नलिखित गद्य को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
   (क) सब उन्नतियों का मूल धर्म है। उससे सबके पहले धर्म की ही उन्नति करनी उचित है। देखो अंगरेजों की धर्मनीति और राजनीति

P.T.O

PDF Hindustanknowledge.com

परस्पर मिली है इससे उनकी दिन-दिन कैसी उन्नति है। उनको जाने दो, अपने ही यहाँ देखो। तुम्हारे यहाँ धर्म की आड़ में नाना प्रकार की नीति समाज गठन वैद्यक आदि भरे हुए है।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए

(ब) प्रस्तुत गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(स) अंग्रेजों की उन्नति तथा भारतीयों को अवनति का क्या कारण है?

(द) देश उन्नति के शिखर पर किस प्रकार पहुँचेगा ?

(य) "उचित" और "नीति" शब्दों के विलोमार्थी शब्द लिखिए।

अथवा

(ख) आचरण की सभ्यतामय भाषा सदा मौन रहती है। इस भाषा का निघण्टु शुद्ध श्वेत पत्रोंवाला है। इसमें नाममात्र के लिए भी शब्द नहीं। यह सभ्याचरण नाद करता हुआ भी मौन हैं।
व्याख्यान देता हुआ भी व्याख्यान के पीछे छिपा है, राग गाता हुआ भी राग के सुर के भीतर पड़ा है। मृदु वचनों की मिठास में आचरण की सभ्यता मौन रूप से खुली हुई है। नम्रता दया, प्रेम और उदारता सब-के-सब सभ्याचरण की भाषा के मौन व्याख्यान हैं। मनुष्य के जीवन पर मौन व्याख्यान हैं। प्रभाव चिरस्थायी होता है और आत्मा का एक अंग हो जाता है।

(अ) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ब) आचरण कब प्रकट होता है ?

(स) सभ्याचरण कैसा गुण है तथा इसका सामने वाले पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(द) सभ्य आचरण के चार मुख्य व्याख्यान कौन से हैं?

(य) 'निघण्टु' और 'जाद' का अर्थ लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर उनके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(क) जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि है मैं जाँहि ।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या मोहिं ।।

(अ) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ एवं कवि का नाम लिखिए।

(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(स) जब तक कबीर में अहंकार था, तब तक उन्हें क्या प्राप्त नहीं हुआ।

(द) ज्ञानरूपी दीपक प्रज्वलित होने पर क्या हुआ ?

(य) 'मैं' और 'अँधियारा' का अर्थ लिखिए

अथवा

निसि दिन बरषत नैन हमारे ।
सदा रहति बरषा ऋतु हम पर जब तें स्याम सिधारे।।
दृग अंजन न रहत निसि बासर, कर कपोल भए कारे
कंचुकि-पट सूखत नहिं कबहूँ उर बिच बहत पनारे ।।
आँसू सलिल सबै भइ काया, पल न जात रिस टारे ।
सूरदास - प्रभु यहै परेखौ, गोकुल काहे बिसारे ।।

PDF Hindustanknowledge.com

(अ) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ एवं कवि का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) किनकी आँखों में काजल नहीं टिक पाता है तथा क्यों ?
(अ) श्रीकृष्ण के वियोग में गोपियों के नेत्रों की क्या दशा हुई हैं ?
(य) सूरदास के अनुसार गोपियों को किस बात का दुःख है?

4. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए। (शब्द सीमा–अधिकतम 80 शब्द)
(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी (2) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (3) सरदार पूर्णसिंह
(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कति का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी महत्वपूर्ण रचनाओं का उल्लेख कीजिए। (शब्द सीमा– अधिकतम 80 शब्द)
(1) सूरदास (2)तुलसीदास (3) कबीर दास

5. कथानक के आधार पर 'बलिदान' अथवा 'आकाशदीप' कहानी का सारांश लिखिएण। (शब्द सीमा– अधिकतम 80 शब्द)

6. स्वपठित नाटक के अनुसार 'आन का मान' नाटक की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (शब्द सीमा – ओधकतम 80शन्द)

खण्ड–ख

7 (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए
भारतस्य स्वतन्त्रतान्दोलनस्य इदं नगर प्रधानकेन्द्रम् आसीत्। श्रीमती लाल नेहरू, महामना मदन मोहन मालवीयः, आजादोषनागकर चन्द्रशेखरः अन्ये च स्वतन्त्रता संग्राम सैनिकाः अस्यामेव पावनभूमी उषित्वा आन्दोलनस्य सञ्चालनम् अकुर्वन्। राष्ट्रनायकस्य पण्डित जवाहरलालस्य इयं क्रीडास्थली कर्मभूमिश्च।

अथवा

भारतदेशस्य सुविस्तृतायाम उत्तरस्यां दिशि स्थितो गिरिः पर्वतराजो हिमालयः इति नाम्नाभिधीयते जनैः। अस्य महोच्चानि शियाराणि जगता सर्वानपि पर्वतान् जयन्ति। अतस्त लोका एवं पर्वतराजं कथयन्ति। अस्योन्नतानि शिळाराणि सदैव हिमैः आन्दादितानि तिष्ठन्ति। अब स्वस्य हिमालय इति हिमगिरिरित्यपि च नाम सुप्रसिद्धम्।

(ख) निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक का हिन्दी में प्रसंग सहित अनुवाद कीजिये–
वृत्तं यत्नेन संरक्षेद वित्तमायाति याति च ।
अक्षीणो वित्ततः क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हतः ।।

अथवा

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुख।
यद् भद्रं तन्न आसुव।।

8. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए।
(1) गंगायमुणगोः सङ्गमः कुत्रास्ति ?
(2) विद्या केन रक्ष्यते।

P.T.O

PDF Hindustanknowledge.com

(3) हिमालयः पर्वतः भारतदेशस्य कस्यां दिशि वर्तते ?
(4) शास्त्राणि कं न छिन्दन्ति ?

9. (क) वीर रस अथवा हास्य रस के स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा या उदाहरण लिखिए।
(ख) यमक अथवा उत्प्रेक्षा उलंकार की परिभाषा व उदाहरण लिखिए
(स) दोहा अथवा चौपाई छन्द की मात्राओं के साथ परिभाषा व उदाहरण लिखिए।

10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा-शैली में निबंध लिखिए-
1. स्वच्छ भारत अभियान 2. विज्ञानः वरदान या अभिशाप
3. प्रदूषणः समस्या और समाधान 4. बढ़े बेटियाँ, पढ़े बटियाँ

11. (क) 1. 'पावक' सन्धि है-
(अ) पो+अकः (ब) पौः+अकः (स) पा+अक (द) पो+एक
2. 'सज्जनः का सन्धि-विच्छेद होगा-
(अ) सत्+जनः (ब) सद्+जनः (स) सज्ज+नः (द) सज्+जनः
3. 'इत्यादि' का सन्धि-विच्छेद होगा-
(अ) इति+आदि (ब) इत्य+आदि (स) इत्या+दि (द) इत्+यदि

ख. 1. 'पीताम्बरम्' समास है-
(अ) कर्मधारस (ब) अव्ययीभाव (स) तत्पुरुष (द) द्विगु
2. द्विगु समास का उदाहरण हैं-
(अ) पंचवटी (ब) महात्मा (स) लम्बोदरः (अ) प्रत्येकः

12. क. 1. 'सरिते' रूप है, सरित' शब्द का-
(अ) चतुर्थी एकवचन (ब) द्वितीया बहुवचन
(स) पंचमी एक वचन (द) षष्टी एक वचन
2. नाम्ना रूप है-
(अ) तृतीया एक वचन (ब) प्रथमा बहुवचन
(स) चतुर्थी द्विवचन (द) पंचमी एकवचन
(ख) 'स्था' (तिष्ठ) अथवा 'पा' धातु लट्लकार के प्रथम पुरुष एकवचन का रूप लिखिए।
(ग) 1. 'पठित्वा' अथवा 'गन्तव्यः' में धातु और प्रत्यय के योग को स्पष्ट कीजिए।
2. 'धनवान' अराता 'श्रीमान' में कौन सा प्रत्यय है ?
(घ) निम्नलिखित रेखांकित पदों में से किसी एक पद में प्रयुक्त विभक्ति का उल्लेख कीजिए- (अ) <u>ग्रामम</u> परितः क्षेत्राणि सन्ति।
(ब) मोहनः <u>कर्णेन</u> वधिरः। (स) श्री <u>गणेशाय</u> नमः।

13. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए-
(अ) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं। (ब) श्रीगणेश को नमस्कार है
(स) छात्रों में राम श्रेष्ठ है। (द) वे दोनों विद्यालय जाते हैं

PDF Hindustanknowledge.com

(3) हिमालयः पर्वतः भारतदेशस्य कस्यां दिशि वर्तते?
(4) शास्त्राणि कं न छिन्दन्ति?

9. (क) वीर रस अथवा हास्य रस के स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा या उदाहरण लिखिए।
(ख) यमक अथवा उत्प्रेक्षा उलंकार की परिभाषा व उदाहरण लिखिए।
(स) दोहा अथवा चौपाई छन्द की मात्राओं के साथ परिभाषा व उदाहरण लिखिए।

10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबंध लिखिए–
1. स्वच्छ भारत अभियान 2. विज्ञानः वरदान या अभिशाप
3. प्रदूषणः समस्या और समाधान 4. बढ़े बेटियाँ, पढ़े बटियाँ

11. (क) 1. 'पावक' सन्धि है–
(अ) पो+अकः (ब) पौः+अकः (स) पा+अक (द) पो+एक
2. 'सज्जनः का सन्धि–विच्छेद होगा–
(अ) सत्+जनः (ब) सद्+जनः (स) सज्ज+नः (द) सज्+जनः
3. 'इत्यादि' का सन्धि–विच्छेद होगा–
(अ) इति+आदि (ब) इत्य+आदि (स) इत्या+दि (द) इत्+यदि

ख. 1. 'पीताम्बरम्' समास है–
(अ) कर्मधारस (ब) अव्ययीभाव (स) तत्पुरुष (द) द्विगु
2. द्विगु समास का उदाहरण हैं–
(अ) पंचवटी (ब) महात्मा (स) लम्बोदरः (अ) प्रत्येकः

12. क. 1. 'सरिते' रुप है, सरित' शब्द का–
(अ) चतुर्थी एकवचन (ब) द्वितीया बहुवचन
(स) पंचमी एक वचन (द) षष्टी एक वचन
2. नाम्ना रूप है–
(अ) तृतीया एक वचन (ब) प्रथमा बहुवचन
(स) चतुर्थी द्विवचन (द) पंचमी एकवचन

(ख) 'स्या' (तिष्ठ) अथवा 'पा' धातु लट्लकार के प्रथम पुरुष एकवचन का रूप लिखिए।

(ग) 1. 'पठित्वा' अथवा 'गन्तव्यः' में धातु और प्रत्यय के योग को स्पष्ट कीजिए।
2. 'धनवान' अराता 'श्रीमान' में कौन सा प्रत्यय है?

(घ) निम्नलिखित रेखांकित पदों में से किसी एक पद में प्रयुक्त विभक्ति का उल्लेख कीजिए– (अ) <u>ग्रामम</u> परितः क्षेत्राणि सन्ति।
(ब) मोहनः <u>कर्णेन</u> वधिरः। (स) श्री <u>गणेशाय</u> नमः।

13. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए–
(अ) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं। (ब) श्रीगणेश को नमस्कार है
(स) छात्रों में राम श्रेष्ठ है। (द) वे दोनों विद्यालय जाते हैं

□□□

PDF Hindustanknowledge.com